तापमान
अधिकतम 15.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026



11 भजनों से गुंजायमान हुआ गोकर्ण धाम...





12 नगर निगम हाउस की बैठक में पास हुए फिर...







# गांवों में स्वामित्व योजना ठिठकी, प्रोपर्टी कार्ड धारक अभी तक नहीं बन पाए जमीन मालिक

प्रशासन ने दो-तीन साल पहले डेढ़ लाख प्रोपर्टी कार्ड जारी किए थे, इसी के आधार पर ही होनी थी रजिस्ट्री

» *अधिकारी बोले, काफी लंबे समय से सरकार ने योजना का रिव्यू नहीं किया*

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

जिले के सभी गांवों में लाल डोरा के अंदर की जमीन का हक लोगों को देने की स्वामित्व योजना ठिठक गई है। प्रशासन ने दो-तीन साल पहले लोगों को प्रोपर्टी कार्ड तो जारी कर दिए। लेकिन जमीन की रजिस्ट्री आज तक कार्ड धारकों के नाम नहीं हो पाई है। पंचायत विभाग के अधिकारी दबी जुबाने में कहते हैं कि काफी लंबे समय से सरकार ने योजना का रिव्यू तक नहीं किया है। ऐसे में अब हम कैसे बता सकते हैं कि प्रोपर्टी कार्ड में दर्ज जमीन कब लोगों के नाम होगी। पंचायत विभाग के सूत्रों के मुताबिक गांवों में तकरीबन डेढ़ लाख लोगों को प्रोपर्टी कार्ड इश्यू किए हुए हैं। इन कार्ड के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री कार्ड धारक के नाम होनी थी। इसके लिए सरकार ने केवल टोकन मनी लेना था।

### लोन भी मिलने लगेगा

लाल डोरा की बाहर की जमीन पर बैंक लोन देता है। लेकिन अंदर की जमीन पर बिल्कुल भी नहीं है। सरकार का कहना है कि जब लाल डोरा के अंदर की जमीन की रजिस्ट्री होने लगेगी तो बैंक लोन भी देने लगेंगे। प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में लोगों को आसानी भू मालिक बनने के बाद नहीं होगी। पंचायतों को सबसे ज्यादा समस्या अवैध कब्जों से आती थी। कोई रिकॉर्ड न होने के कारण आसानी से पंचायती जमीनों पर कब्जे हो जाते थे। अब पंचायतों को इससे निजात मिलेगी, ये दावे सरकार द्वारा किए गए हैं।



### पूरे गांव का होता है एक हदबस्त नंबर

लाल डोरा के राजस्व रिकॉर्ड में एक गांव का केवल एक हदबस्त नंबर होता है। ये नंबर किसी ग्रामीण बस्ती में भूमि की सीमाओं के आरंभ और अंत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। इसे हदबस्त और लाल डोरा के भीतर किसी भी संपत्ति का राजस्व रिकॉर्ड में अधिकार नहीं है। यानि के राजस्व रिकॉर्ड में ये मालूम नहीं है कि जमीन का मालिक है कौन। इसकी वजह से इस जमीन को लेकर आपसी विवाद होते रहते हैं। मामला कोर्ट कचहरी तक पहुंचता है तो न्यायालय भी ये तय नहीं कर पाता है जमीन का मालिक है कौन। वैसे एक अवधारण बनी हुई है कि लाल डोरे के अंदर की जमीन पर जिसका कब्जा है, वह इसका मालिक है।

### लाल डोरा क्षेत्र की ड्रोन मेपिंग से पारदर्शी संपत्ति स्वामित्व

मालूम रहे कि सरकार ने वर्ष 2019-20 में लाल डोरा क्षेत्र की ड्रोन मेपिंग 'स्वामित्व योजना' के तहत करवाई थी। मेंपिंग में ड्रोन से भूमि मानचित्र तैयार करवाया। लोगों को ये बताया गया कि कौन परिवार कितने जमीन पर काबिज है। इसके बाद लोगों से आब्जेक्शन लिए गए। ताकि जमीन के प्रोपर्टी कार्ड देने में पूरी तरह से पारदर्शिता बने। गांव के लाल डोरे के अंदर मौजूद प्रॉपर्टी की डिजिटल मैपिंग के बाद उनका नक्शा तैयार किया गया । जिसमें लाल डोरे में अंदर प्रॉपर्टी की एक यूनिक आईडी बनाई गई है और उसी आधार पर उस प्रॉपर्टी का मालिकाना हक कब्जेदार के नाम दिया गया है। जो व्यक्ति जमीन पर काबिज है, वह ही कानूनी रूप से जमीन का मालिक बने। स्वामित्व योजना का उद्देश्य गांवों को लाल डोरा मुक्त करना है।

## खबर संक्षेप

### मनोविज्ञान विभाग में फाउंडेशन डे पर यज्ञ

**रोहतक।** मदवि के मनोविज्ञान विभाग में फाउंडेशन डे के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। यज्ञ के यजमान विभाग के कार्यालय लिपिक देवेंद्र कुमार रहे। यह यज्ञ मातुराम यज्ञशाला समिति के अध्यक्ष आर्य आकाश हुड्डा तथा यज्ञ के पुरोहित आर्य मंदीप द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया।

### जनगणना की प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ

**रोहतक।** राष्ट्रीय जनगणना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर हलचल शुरू हो गई हैं। गणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आंकड़े सीधे दर्ज किए जाएंगे। इससे आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा, त्रुटियां न्यूनतम होंगी और डेटा प्रोसेसिंग में काफी समय की बचत होगी। यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। पहले जहां पेपर शेड्यूल के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की जाती थीं, वहीं अब डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग से यह प्रक्रिया और अधिक सटीक, तेज और पारदर्शी बनेगी।

### रोटरी क्लब ने बांटे जरूरमंदों को कंबल

**रोहतक।** बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा बृहस्पतिवार को गांधी आश्रम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर रेटिना विशेषज्ञ डॉ आमोद आहूजा ने रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल द्वारा किए जा रहे समाज हित में कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज में रहकर समाज हित में अपना समय देना उसका धर्म है।

### अनुसाशन में रहकर पा सकते हैं सफलताः दीक्षा

**सांपला।** इस्माइला राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में चल रहे लाइव सिकल डेवलपमेंट के दौरान श्री गोविन्द सिंह यूनिवर्सिटी से आई डाक्टर दीक्षा ने छात्राओं को बताया कि अनुशासन में रहकर जिस में अपना भविष्य बनाना चाहते उसमें निपुण हो जाएं जीत पक्की होगी। उन्होंने सरकारी नौकरी के अलावा स्वयं स्वरोजगार में कैसे सफल हो इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इंचार्ज निर्मल ने कहा कि छात्राओं को अनुशासन के महत्व के प्रति नैतिक जिम्मेदारी को समझाया।

## सुबह कोहरे की चादर, दिन में खिली धूप, लेकिन फिर भी चुभती रही ठंड

धूप निकलने के बावजूद दिन भर कंपकंपाते रहे लोग, नहीं मिली सर्दी से राहत

» न्यूनतम पारा 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज

» *सुबह के समय रेंग रेंगकर चले वाहन, लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना*

» *दोपहर बाद मौसम में सुधार देखने को मिला, आसमान हुआ साफ*

» *शाम ढलते ही एक बार फिर ठंड बढ़ गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हुए*




हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वीरवार को जिले में सर्द मौसम का असर साफ तौर पर देखने को मिला। इस दिन न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय शहर और आसपास के क्षेत्रों में कोहरा और हल्की धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता कम हो गई और आम जनजीवन पर असर पड़ा। कई स्थानों पर सड़कों पर चल रहे वाहनों को धीमी गति से गुजरते देखा गया। दिनभर चलती हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी, जिससे लोग परेशान दिखाई दिए।सुबह के वक्त कोहरे के कारण हाईवे और प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी ठंड के साथ-साथ धुंध का सामना करना पड़ा। कोहरे की वजह से कुछ देर तक यातायात की रफ्तार सुस्त रही, हालांकि किसी बड़ी अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। दोपहर बाद मौसम में सुधार देखने को मिला। आसमान मुख्य रूप से साफ रहा और धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली।हालांकि तापमान में हल्की बढ़ोतरी के बावजूद सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन का एहसास दिनभर बना रहा। शाम ढलते ही एक बार फिर ठंड बढ़ गई और लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे का प्रभाव बना रह सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने और पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। सर्दी के मौसम में जरूरत होने पर ही घरों से बाहर निकलें।

### मौसम फसलों के लिए अनुकूल

*गेहूं और सरसों में होगा फुटाव, बढ़ेगा उत्पादन*



दिन का मौसम किसानों के लिए भी चर्चा का विषय रहा। ठंडा मौसम गेहूं और सरसों जैसी रबी फसलों के लिए अनुकूल माना गया, लेकिन सुबह के समय अधिक नमी और कोहरे के कारण फसलों में रोग लगने की आशंका भी बनी रही। विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों की निगरानी पर ध्यान देने की सलाह दी।

## छात्रा हर्षिता का इंडिया टैलेंट फाइट में शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जी डी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता दहिया ने लोकप्रिय टीवी टैलेंट शो इंडिया टैलेंट फाइट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमी-फाइनल में प्रवेश कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रुड़की में दो चरणों में आयोजित की गई, जहां हर्षिता ने प्रारंभिक दोनों राउंड में अपने सशक्त अभिनय, भावपूर्ण प्रस्तुति और प्रभावी अभिव्यक्ति से निर्णायकों को अत्यंत प्रभावित किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीवी राउंड के लिए चयनित किया गया तथा आगे सेमी-फाइनल में स्थान प्राप्त हुआ।

हर्षिता पिछले 7 वर्षों से जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। विद्यालय का सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निरंतर निखारने में सहायक रहा है। उनकी इस उपलब्धि में उनकी माता का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कहानी की तैयारी से लेकर अभिनय अभ्यास तक हर चरण में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया।

### हर्षिता की राष्ट्रीय स्तर सफलता सम्मानित

विद्यालय के डायरेक्टर्स द्वारा स्थापित कोर वैल्यूज छात्रों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास विकसित करने और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती हैं। हर्षिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ एवं प्रबंधन को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने हर्षिता को बधाई देते हुए कहा, हर्षिता की यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की शिक्षा-दृष्टि, अनुशासन और मूल्य-आधारित शिक्षण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हम हर्षिता के उज्ज्वल भविष्य एवं सेमी-फाइनल में सफलता की कामना करते हैं। वहीं विद्यालय के सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने भी हर्षिता को शुभकामनाएं देते हुए कहा, हर्षिता की सफलता यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से विद्यार्थी किसी भी मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

## सीनियर सिटीजन को डिजिटल अपराध बारे किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-2, रोहतक मे बुजुर्ग व्यक्तियों को डिजिटल अपराध की जानकारी देते अधिकारी।

साइबर थाना की टीम द्वारा वीरवार को सीनियर सिटीजन को डिजिटल अपराध बारे जागरुक किया गया है। साइबर थाना की टीम ने सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-2, रोहतक में बुजुर्ग व्यक्तियो को डिजिटल अपराध बारे जागरुक किया गया है। निरीक्षक बिजेन्द्र व सतीश ने व्यक्तियो को बताया कि आपके बेटे या बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहा है और अगले ही पल पर कहा जाए कि मै नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि मे शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपतिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुंरत सतर्क होना जरूरी है। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते है। ऐसे हालात में घबराएं नहीं सचेत रहे और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुंरत कॉल करे। साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलो मे ठग किसी सरकारी एजेंसी का अफसर या पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर व्यक्ति डर जाता है और उनकी बातो मे आ जाता है। इसमे पीडित को फोन कर झूठे मामले मे पहले काफी डराया जाता है। कहा जाता है कि उपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है।




## चौथी मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट लीग में रोमांचक मुकाबले

**रोहतक।** बुधराम राजपूत स्मृति सोसाइटी द्वारा आयोजित चौथी मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट लीग 2026 में वीरवार दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एचसीए (हरियाणा क्रिकेट अकादमी) ढांसा बादली ने एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी दिल्ली को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एयरलाइनर दिल्ली की टीम 33 ओवर में 183 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कृष मूर्ती ने 82 गेंदों पर 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 82 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि मयंक मलिक ने 28 रन बनाए। एचसीए की ओर से निखिल वर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट झटके। जवाब में एचसीए ने हैक्कर के 70 और रमन रांगी के 41 रनों की बदौलत 29.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। निखिल वर्मा प्लेयर ऑफ द मैच बने। दूसरे मुकाबले में कुरुक्षेत्र ने सनराइजर्स रोहतक को 6 विकेट से हराया।

## जॉन वेस्ले में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस पर किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट, रोहतक में 06 जनवरी से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय दिवस को विविध जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत एक योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। इसके पश्चात श्री राम कुमार दहिया द्वारा एक प्रभावशाली ध्यान (मेडिटेशन) सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को एकाग्रता, आत्म-नियंत्रण एवं सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया गया।

इसके उपरांत कैप्टन जगदीप मलिक द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं नशा विरोधी जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने, लक्ष्य निर्धारण तथा शराब व नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने बताया कि हाउ टू ज्वाइन द आर्मी अज अन ऑफिसर। उनके विचारों ने स्वयंसेवकों में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना जागृत की।

कार्यक्रम के दौरान "नशा मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों को रचनात्मक रूप से दर्शाया गया।

### एनएसएस शिविर सक्रियता

स्वयंसेवकों ने विभिन्न मैदानी गतिविधियों में भाग लेकर सहयोग, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि "एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ पढ़ाता है। नशा मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब युवा पीढ़ी स्वस्थ, जागरूक और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े।" उन्होंने सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## ऑस्ट्रेलिया की प्रो. इंदु सिंह ने एमडीयू के सीएमबीटी में दिया विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य वक्ता ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के स्कूल ऑफ फार्मेसी एंड मेडिकल साइंसेज से प्रो. इंदु सिंह ।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) द्वारा हिमैटोलॉजिकल विकारों में आणविक निदान एवं बायोइनफॉर्मेटिक्स विषय पर एक विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के स्कूल ऑफ फार्मेसी एंड मेडिकल साइंसेज से प्रो. इंदु सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. इंदु सिंह ने भारत, हांगकांग एवं ऑस्ट्रेलिया में चार दशकों से अधिक के अपने अनुभव के आधार पर हिमैटोलॉजिकल विकारों के निदान, विश्लेषण एवं प्रबंधन में आणविक निदान और बायोइनफॉर्मेटिक्स की भूमिका को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।

उन्होंने कहा कि सटीक एवं विश्वसनीय निदान के लिए दक्षता-आधारित प्रयोगशाला प्रशिक्षण, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली तथा ट्रांसलेशनल रिसर्च पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने आणविक हिमैटोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स एवं साक्ष्य-आधारित प्रयोगशाला प्रक्रियाओं में निरंतर कौशल उन्नयन को समय की मांग बताया। अपने दौरे के दौरान प्रो. इंदु सिंह ने सीएमबीटी की अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं का निरीक्षण किया और विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध वातावरण तथा अधोसंरचना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

हरियाणवी, राजस्थानी और भोजपुरी कंटेंट से भारतीय भाषाओं को नई पहचान मिली

## रणदीप हुड्डा बने स्टेज ब्रांड एंबेसडर, मातृभाषा को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भारत के सबसे तेजी से उभरते हाइपर लोकल ओटीआई प्लेटफॉर्म स्टेज ने 2026 की शुरुआत एक बड़ी घोषणा के साथ की है। मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा को इसका ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह साझेदारी केवल एक सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट नहीं, बल्कि भारतीय भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को मुख्यधारा में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। हरियाणा, राजस्थान और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में 7.5 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर तक पहुंच रखने वाला स्टेज मातृभाषाओं में प्रीमियम और विश्वस्तरीय मनोरंजन उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। यह कोलैबोरेशन नवंबर 2025 में फाइनल हुआ था और इसका शूट 27 नवंबर को मुंबई में किया गया।

स्टेज के को-फाउंडर और सीईओ विनय सिंघल ने कहा कि यह मंच एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर रहा है, जहां हरियाणवी, राजस्थानी और भोजपुरी बोलना उतना ही गर्व और आकांक्षा का विषय बने जितना अंग्रेज़ी। उन्होंने कहा कि रणदीप हुड्डा जैसे अभिनेता, जिन्होंने अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है, यह स्टेज के विजन का स्वाभाविक चेहरा हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्टेज भारतीय भाषाओं को उसी सम्मान और स्तर पर प्रस्तुत कर रहा है, जिसकी वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर उन्हें अपना हरियाणा, अपनी भाषा और अपनी कहानियां सही मायनों में ऊंचाई पर दिखाई देती हैं। 2019 में इंदौर से शुरू हुआ स्टेज आज नोएडा से संचालित हो रहा है और इसके पास 1000 घंटे से अधिक का ओरिजिनल कंटेंट है, जिसमें फिल्में, वेब सीरीज और माइक्रो-ड्रामा शामिल हैं। 2026 में प्लेटफॉर्म पर जान लेगी सोनम, विदेशी बहू और कायांतर जैसी बड़ी पेशकशें आने वाली हैं। स्टेज पहले से ही ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ जुड़ा हुआ है। अब रणदीप हुड्डा के जुड़ने से स्टेज का संदेश और मजबूत हुआ है अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान पर गर्व ही असली जीत है।

## खबर संक्षेप

### 20वां पारिवारिक मिलन समारोह 11 जनवरी को

**रोहतक।** जिला मुज्जफरगढ़ सभा सरायकी रोहतक, जो वर्ष 1947 से शहर में सक्रिय है, अपनी सामाजिक और पारिवारिक गतिविधियों के लिए जानी जाती है। यह सभा सुख-दुख में बिरादरी के सदस्यों का सहयोग करने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी निरंतर योगदान दे रही है। सभा द्वारा मैरिज ब्यूरो का संचालन किया जा रहा है, हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं और जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाती है। इसके अलावा दादी की रसोई के माध्यम से मात्र 5 रुपये में देसी घी का भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

### विंटर कैंप में बच्चों को दी जा रहीं रोचक जानकारियां

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फैकल्टी क्लब द्वारा बच्चों के लिए एक जीवंत, रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक विंटर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह विंटर कैंप फैकल्टी क्लब, एमडीयू रोहतक के सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित हो रहा है, जिसमें 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। फैकल्टी क्लब की अध्यक्ष प्रो सीमा सिंह ने बताया कि इस विंटर कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। शिविर के अंतर्गत नृत्य, रचनात्मक लेखन, चित्रकला, हैंड आर्ट एवं क्राफ्ट जैसी विविध सह-पाठ्यक्रमीय एवं रचनात्मक गतिविधियां की जा रही हैं।

### एमडीयू के आईएचटीएम ने ली ईट राइट शपथ

**रोहतक।** सशक्त भारत की शुरुआत स्वस्थ थाली से" के संदेश को आगे बढ़ाते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय , रोहतक के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में एफएसएसएआई के राष्ट्रव्यापी अभियान ईट राइट शपथ के अंतर्गत शपथ-ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर संतुलित, सुरक्षित और जिम्मेदार भोजन अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की शपथ ली।

### स्केटिंग में अभय गैहर का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** अभय ने राष्ट्रीय स्केटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया है। रांची (झारखंड) के खेल गांव स्टेडियम में 06, 07 एवं 08 जनवरी 2025-26 को आयोजित डीएवी राष्ट्रीय स्केटिंग चैंपियनशिप में छात्र अभय गैहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 लड़कों में (500 मीटर इनलाइन रेस) में कांस्य पदक हासिल किया है। कक्षा 8वीं के छात्र अभय गैहर पिछले लगभग तीन वर्षों से दिल्ली रोड स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में कोच संदीप कुमार के मार्गदर्शन में स्केटिंग का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है, यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, का परिणाम है, इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी जाहिर की, कोच संदीप कुमार ने भी शुभकामनाएं दीं।

# भजनों से गुंजायमान हुआ गोकर्ण धाम, भावविभोर होकर झूमे श्रद्धालु

■ सत्संग हॉल में साध्वी पूनम ने भजनों की तान छेड़ी तो जयकारों से गूंजायमान हो उठा पूरा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोकर्ण धाम स्थित श्री बाबा लक्ष्मण पुरी डेरे में वीरवार देर रात बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज की 31 पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम भजन संध्या के साथ शुरू हुआ। भजन संध्या में मशहूर भजन गायिका ब्रजरस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा (पूनम दीदी) ने राधे नाम संकीर्तन से धूम मचा दी। इससे पूर्व गोकर्ण धाम के पीठाधीश्वर व उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पूरी महाराज ने पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साध्वी पूर्णिमा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में भजन सुनाने शुरू किए। भजनों से गुंजायमान हुए पंडाल में श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। सत्संग हॉल में साध्वी पूनम ने भजनों की तान छेड़ी तो उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। उन्होने श्रोताओं के लिए 'हरि मैं जैसो-तैसो तेरो, नाथ मैं जैसो-तैसो तेरो संकीर्तन कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद उन्होंने चर्चित भजन 'मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा, सामने आओगे या आज भी परदा होगा, सुनाकर भक्तों के मन को टटोला। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जिसके चलते भजनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। पूर्णिमा ने अपनी मधुर आवाज में राधा रानी व बांके बिहारी के भजनों से समा बांध दिया।

### बाबा लक्ष्मण पुरी की पुण्य तिथि पर भंडारा और रक्तदान शिविर आज



**रोहतक।** गोकर्ण डेरा पर आयोजित भजन संध्या में साध्वी पूर्णिमा (पूनम दीदी) को सम्मानित करते उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पूरी महाराज।



**रोहतक।** गोकर्ण डेरा पर आयोजित भजन संध्या में भजन सुनते भक्तजन

### कार्यक्रम में आज पहुंचेंगे कई प्रदेशों के श्रद्धालु

गोकर्ण धाम के पीठाधीश्वर व उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पूरी महाराज ने बताया कि आज गोकर्ण धाम परिसर में भंडारा लगाया जाएगा। साथ ही, विभिन्न संगठनों की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर व नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम में लुधियाना, उत्तराखंड, जालंधर, मुंबई, राजस्थान, सूरत झारखंड आदि के श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जूना अखाड़ा सहित सभी अखाड़ों से भी अनेक साधु संत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पीठाधीश्वर ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम गोकर्ण धाम में समय समय पर होते रहते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में भी गोकर्ण धाम का विशेष योगदान रहता है।

## अब तक 3261 परिवारों के घरों में लग चुके सोलर सिस्टम

# पीएम सूर्य घर योजना से जगमगा उठी जिंदगी, बिजली बिल हुए कम

- **गरीब परिवार बिना चिंता के उपयोग कर रहे उपकरण**
- **बढ़ते बिजली बिल और अन्य गड़बड़ियों से मिल रही निजात**

योजना में अब तक 172 गांवों को शामिल किया। इनमें 126 गांवों में 2 किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप कनेक्शन स्थापित किए, जबकि 46 गांवों को जोड़ने का कार्य चल रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ग्रामीण भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिले में नई मिसाल कायम कर रही है। यह योजना केवल बिजली उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवनशैली, आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण को एक नई दिशा दे रही है। जिले के गांवों में अब छतों पर लगे सोलर पैनल न केवल घरों को रोशन कर रहे हैं, बल्कि लोगों को बढ़ते बिजली बिल और अनियमित आपूर्ति की चिंता से भी मुक्त कर रहे हैं।

जिले में अब तक इस योजना के तहत 172 गांवों को शामिल किया जा चुका है। इनमें से 126 गांवों में 2 किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 46 गांवों में कनेक्शन प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रशासन और बिजली विभाग का दावा है कि जल्द ही शेष गांवों में भी काम पूरा कर लिया जाएगा, ताकि जिले के हर पात्र परिवार तक इस योजना का लाभ पहुंच सके। पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से अब तक 3261 परिवारों के घरों में सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। इससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है, जो ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है।

### सरकार उपलब्ध करा रही सब्सिडी, आमजन उठाए लाभ

योजना के तहत लगाए जा रहे 2 किलोवाट के सोलर सिस्टम की अनुमानित लागत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये है। हालांकि, सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी के कारण आम उपभोक्ताओं और विशेषकर अंत्योदय परिवारों को यह सुविधा बेहद कम लागत में उपलब्ध हो रही है। यही कारण है कि गरीब और जरूरतमंद परिवार भी अब स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठा पा रहे हैं।

### अभियान चलाकर दी जा रही जानकारी



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिले के ग्रामीण इलाकों में ऊर्जा क्रांति का रूप ले रही है। यह योजना न केवल बिजली की बचत और आर्थिक राहत दे रही है, बल्कि स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हो रही है। गांव-गांव अभियान भी चलाए जा रहे हैं। लोगों को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी और तकनीकी जानकारी दी जा रही है। अंत्योदय परिवारों को विशेष रूप से इस योजना से जोड़ा जा रहा है।

**-बिजेंद्र नरवाल, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम**

### हर गांव स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जुड़ सकेगा

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सीधा असर ग्रामीण जीवन पर नजर आने लगा है। किसान और मजदूर वर्ग के परिवार अब गर्मी के मौसम में बिना चिंता के पंखे, कूलर और अन्य उपकरण चला पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर रोशनी उपलब्ध हो रही है, वहीं महिलाओं के घरेलू कार्य भी आसान हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार शेष 46 गांवों में भी जल्द सोलर कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे जिले का हर गांव स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जुड़ सकेगा।

### जिले में 6316 कनेक्शन लगाने का लक्ष्य

प्रशासन का लक्ष्य आने वाले समय में जिले में 6316 से अधिक सोलर कनेक्शन स्थापित करने का है। इसके लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी की जानकारी और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल जनरेटर और पारंपरिक बिजली आपूर्ति पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। इससे न केवल प्रदूषण में कमी आ रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना आने वाले वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करेगी। परिवारों को दिन के समय बिजली की जरूरतों के लिए ग्रिड पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। घरेलू उपकरण, पंखे, कूलर, टीवी और मोटर जैसी सुविधाएं बिना अतिरिक्त खर्च के चल पा रही हैं। ससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है जो उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात है।



### कार्यशाला में क्षमता संवर्धन पर विस्तार से चर्चा

**रोहतक।** झज्जर रोहतक मार्ग पर स्थित द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक विद्यालयों के अध्यापकों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। विशेषज्ञ वक्ताओं ने योग, खेल एवं फिटनेस के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली पर अपने विचार साझा किए। प्रतिभागियों को आधुनिक शारीरिक शिक्षा पद्धतियों एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। कार्यशाला का मार्गदर्शन गौरव और अनिल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर के खन्ना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस प्रकार की कार्यशालाएं अध्यापकों में नवीन ऊर्जा का संवर्धन करती हैं जिसका सीधा-सीधा लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त होता है।



### भागवत के श्रवण से मन होता शुद्ध : अशोक दास

**रोहतक।** श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में महंत अशोक दास के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का बृहस्पतिवार को भक्तिमय वातावरण में शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व श्रद्धा एवं आस्था से परिपूर्ण भाग्य कलश यात्रा निकाली गई, जो रामा आश्रम से प्रारंभ होकर श्रीनगर कॉलोनी की प्रमुख गलियों से होती हुई पुनः रामाश्रम के पावन प्रांगण में संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने भाग लेकर धर्ममय वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर महंत अशोक दास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को दिशा देने वाली अमृतधारा है। भागवत के श्रवण से मन शुद्ध होता है, संस्कार जागृत होते हैं और जीवन में भक्ति, वैराग्य एवं सदाचार का संचार होता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भागवत कथा ही वह साधन है, जो सहज रूप से जीव को भगवान की शरण में पहुंचाती है।



**रोहतक।** सेल्टोस के नए अवतार को लांच करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व निखार ग्रुप के सीएमडी राजिंदर बंसल। फोटो : हरिभूमि

### सेल्टोस के नए अवतार को लांच किया

**रोहतक।** शहर के प्रतिष्ठित संस्थान रंश किआ में बृहस्पतिवार को सेल्टोस के नए अवतार को लांच किया। सेल्टोस को उपायुक्त सचिन गुप्ता व निखार ग्रुप के सीएमडी राजिंदर बंसल द्वारा लांच किया गया। सेल्टोस के इस नए अवतार में बहुत ही यूनिक फीचर्स दिए गए हैं। किआ ने नई सेल्टोस को 1.5 पेट्रोल, डीजल एंड टर्बो इंजन में लांच किया। फर्स्ट इन सेगमेंट 4460 एमएम लेंथ, फ्लश डोर हैंडल, मेमोरी फंक्शन इन ड्राइविंग सीट एंड आउटसाइड रियर व्यू मिरर, इसमें 18 इंच के डायमंड कट अलॉय व्हील्स, ड्यूल पैनारोमिक सनरूफ, 6 एयर बैग्स स्टैण्डर्ड, 7 स्पीड गियर ऑटो ट्रांसमिशन, ऑल डिस्क ब्रेक, ऐदास लेवल 2 विद 21 फीचर्स के साथ, 360 डिग्री कैमरा, फुल्ली फोल्डेबल सीट, साथ में 447 लीटर बूटस्पेस के साथ, 10 वे पावर ड्राइवर सीट, 31 इंच पैनारोमिक टच स्क्रीन, 3 वे ड्राइव मोड, स्मार्ट क्रूज कंट्रोल, पैडल शिफ्टर, 64 कलर मून लाइटिंग, 8 स्पीकर विद बॉस म्यूजिक साउंड सिस्टम, वायरलेस फ़ोन चार्जिंग इत्यादि फीचर्स इस गाड़ी को इस सेगमेंट में अलग ही दर्जा दिलाती है। इस मोके पर 15 सेल्टोस गाड़िओ की बुकिंग की गई।

# शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये किलो तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के मधुमक्खी पालकों के हित में भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। इस पहल से मधुमक्खी पालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा और उनकी आय में स्थायित्व आएगा। गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं हनी मिशन जैसी योजनाओं के चलते देश आज एक बड़ा शहद उत्पादक देश बन रहा है। शहद का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है और भारतीय शहद की मिठास विश्वभर में पहचान बना रही है। शहद का संरक्षित मूल्य निर्धारित करने की यह पहल मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मधुमक्खी पालकों का आह्वान किया है कि वे योजना का लाभ उठाने के लिए मधुक्रांति पोर्टल (madhukranti.in) तथा भावांतर भरपाई योजना पोर्टल (शहद) hortharyana.gov.in पर पंजीकरण अवश्य करवाएं।

# गवर्नमेंट कॉलेज महम में देश भक्ति के तरानों संग मनेगा गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** अधिकारियों को संबोधित करते एसडीएम विपिन कुमार। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) विपिन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय पर पूर्ण करवाएं। विपिन कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तर पर भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। सभी अधिकारी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप तैयारियां करवायें ताकि भव्य समारोहों आयोजित किए जा सके। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय परिसर में किया जायेगा तथा मौसम के दृष्टिगत वैकल्पिक जगह भी निर्धारित की जाएगी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा समारोह के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समारोह स्थल की साफ-सफाई के अलावा समारोह के उपरांत कार्यक्रम स्थल की सफाई भी करवाई जाएगी।

## दोनों संस्थान मिलकर राज्य के विकास में सहयोग देने को उत्सुक

# पीजीआई में होने वाली रिसर्च को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यूएचएस का एसजेएचआईएफएम से हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में होने वाली रिसर्च का फायदा जन-जन तक पहुंचाने के लिए गुरुवार को यूएचएस और स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट (एसजेएचआईएफएम) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। पंचकूला में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे।

इस एमओयू के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि इस एमओयू के तहत, दोनों संस्थानों के बीच क्षमता निर्माण, अनुसंधान और मूल्यांकन, इंटर्नशिप और छात्र संलग्नता जैसे क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों को शुरू करने के लिए सहयोग किया जाएगा। यह एमओयू हमारे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम एसजेएचआईएफएम के साथ मिलकर राज्य के विकास में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह सहयोग हरियाणा विजन @2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा, जिसमें राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बढ़ाना, 50 लाख नए रोजगार पैदा करना, 100 प्रतिशत महिला साक्षरता और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने में सहयोग देना है।

### सरकार संग मिलकर पॉलिसी बनाने में मदद

डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में काफी रिसर्च को लेकर कार्य होता है अब इस एमओयू के बाद एसजेएचआईएफएम अच्छी रिसर्च पर सरकार के साथ मिलकर पॉलिसी बनाने में मदद करेगा ताकि उस रिसर्च का फायदा जन-जन तक पहुंच सके।

### NOTICE

I Naresh S/o Mahender Singh. R/o Village Simli Rohtak ,Maina, Haryana - 124021 declare that I have lost my Arms License No.912/DMR/ARMS at New Bus stand Rohtak on 07/01/2026.

### दि महम किसान सहकारी विपणन एंव प्रसाधन समिति लि. एट रोहतक की प्रबन्धक कमेटी के चुनाव सम्बन्धी

### सूचना

दि महम किसान सहकारी विपणन एंव प्रसाधन समिति लि० एट रोहतक की प्रबन्धक कमेटी के आगामी चुनाव हेतू जोन वाईज मतदाता सूचियों को प्रस्तावित अनुमोदित करने के लिए मतदाता सूची मे प्रत्येक समिति सदस्य की श्रेणी लिखी जानी है। जिसका सम्बन्धित रिकार्ड समिति में मौजूद नहीं है।

अतः समिति के सभी सदस्यों (व्यक्तिगत) को सूचित किया जाता है कि सभी सदस्य अपनी श्रेणी (सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति) से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र/दस्तावेज समिति प्रबन्धक के पास समिति कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19.01.2026 (सायं 5.00 बजे) तक जमा कराए । निश्चित तिथि के बाद किसी भी दावे पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रबन्धक (7988417886), दि महम किसान सहकारी विपणन एंव प्रसाधन समिति लि. एट रोहतक पुराना धागा मिल, नजदीक सुनारियां चौक, सर्कुलर रोड रोहतक।**

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर



DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## खबर संक्षेप

### जाट शिक्षण संस्था में हवन यज्ञ आज

**रोहतक।** दीनबंधु सर छोटू राम जी की पुण्यतिथि पर 9 जनवरी को जाट स्कूल में समाधि स्थल पर हवन यज्ञ का आयोजन कर महान आत्मा को श्रद्धांजलि दी जाएगी। छोटू राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ नवनीत अहलावत ने बताया कि जाट शिक्षण संस्था द्वारा समाज के सर्वप्रिय नेता, किसानों के मसीहा चौधरी छोटू राम को बड़ी शिद्दत से याद किया जाता है। संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना के मार्ग निर्देशन में संस्था के ऐतिहासिक जाट स्कूल में 9 जनवरी को 9:30 बजे समाज के लोग एकत्रित होकर हवन यज्ञ में समाज कल्याण के लिए आहुति देंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को हल करते हुए वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि कबीर कॉलोनी निवासी कृष्ण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 8 दिसम्बर 2025 को कृष्ण अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जनता कॉलोनी मे स्थित मंदिर में आया हुआ था। कृष्ण अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर मंदिर चला गया। वापिस आने पर नहीं मिली। जांच पीएसआई पवन द्वारा की गई। आरोपी कुलदीप निवासी काठमंडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर थाना सिविल लाइन व आर्य नगर रोहतक में पहले भी 3 मामले दर्ज हैं।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देसी पिस्तौल व 2 रौंद बरामद हुए। उसे अदालत में पेश किया गया है। प्रभारी एवीटी एवं पीओ स्टाफ उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही नरेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम महम बाईपास रोड के पास गश्त मे मौजूद थी। इस दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सचिन उर्फ नितिश निवासी जिंदरान कला, कलानौर के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व 02 रौंद बरामद हुआ है।

### गणतंत्र दिवस सम्मान के लिए 10 तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला स्तर के अलावा उपमंडल स्तरों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह होंगे। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपब्धियां हासिल करने वाले एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों/गैर सरकारी संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।



# प्रेम नगर के लोगों को अब काला पानी

## लोग बोले-इंदौर जैसी त्रासदी का इंतजार कर रहा जनस्वास्थ्य विभाग

6 महीने से लोगों को पिलाया जा रहा बदबू वाला पानी

कई बार शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग रोहतक में भी शायद इंदौर जैसी त्रासदी का इंतजार कर रहा है। इसके चलते प्रेम नगर लोगों को करीब 6 महीने से बदबू वाला पानी पिलाया जा रहा था वहीं अब तक कोई बड़ा हादसा सामने ना आने पर बिल्कुल काला पानी पिलाना शुरू कर दिया गया है। यह आरोप स्थानीय लोगों ने लगाए हैं। गली नंबर 10 आर निवासी लोगों ने बताया कि अभी तक ये स्लोगन सुनते आए थे कि जल ही जीवन है, लेकिन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ही लोगों की मौत का कारण बनाना चाहता है। दूषित पेयजल की वजह से लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। राजेश कुमार ने बताया कि कि प्रेम नगर गली नम्बर 10 आर में करीब 6 महीने से गंदा पानी आ रहा है, जिस पर ऑनलाइन शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं हो रही, सुपरवाइजर हमेशा जल्द समाधान करने की बात कहकर टाल रहा है। इसके चलते प्रेम नगर में कभी भी इंदौर जैसा हादसा हो सकता है जिसकी वजह-सिस्टम का गैर

■ सुपरवाइजर जल्द समाधान करने की बात कहकर सिर्फ टाल रहे

- डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के अनुसार असुरक्षित पेयजल गंभीर खतरा है।
- जिन देशों में पानी की गुणवत्ता खराब है वहां, स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ बढ़ेगा और विकास की रफ्तार भी धीमी होगी।
- पिछले साल वर्ल्ड वाटर वीक 2025 में डब्लूएचओ और यूनिसेफ ने 2000 से 2024 तक की संयुक्त रिपोर्ट जारी की।
- इस डेटा के अनुसार, लगभग 2.1 अरब लोग अभी भी साफ और प्रबंधित पेयजल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। शुद्ध पेयजल लोगों का अधिकार है।

### अपने-अपने पक्ष

- प्रेम नगर निवासियों का कहना है कि यदि हैफेड चौक के पास बन रहे पुल के कारण यदि कोई समस्या है तो उसको बंद करके लाइन को दूसरी तरफ से चालू कर देना चाहिए।
- जन स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही फाल्ट तलाश कर दूषित पेयजल की समस्या खत्म कर दी जाएगी।

### यहां भी समस्या

शहर की कई अन्य कॉलोनियों में भी दूषित पेयजल की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। गांधी कैंप सहित, साईदास कॉलोनी, तेज कॉलोनी, अशोक नगर, गुरुनानकपुरा आदि एरिया में भी कभी कभी दूषित पेयजल की सप्लाई आती रहती है।

## हो चुका सर्वे, बजट कमेटी भी कर चुकी थी पास, फिर भी ब्रेक

# नगर निगम हाउस की बैठक में पास हुए फिर भी नहीं बने तीन फुट ओवर ब्रिज

*आईसी कॉलेज, जाट कॉलेज, सेक्टर 1 और सेक्टर 14 के बीच बनने थे ब्रिज। इससे हजारों लोगों को मिलना था फायदा*

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

खबर पड़ताल

नगर निगम की हाउस मीटिंग में प्रस्ताव पारित होने के बावजूद शहर के तीन अहम फुट ओवरब्रिज अब तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। ये ओवरब्रिज आईसी कॉलेज, जाट कॉलेज, सेक्टर-1 तथा सेक्टर-14 के बीच प्रस्तावित थे, जिनके निर्माण से शहर की यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी। ब्रिज बनने से हजारों लोगों को सुविधा मिलनी थी। अधिकारियों द्वारा सर्वे भी पूरा कर लिया गया था, इसके बावजूद वर्षों बीत जाने के बाद भी यह योजना फाइलों से बाहर नहीं आ सकी।

जानकारी के अनुसार, तीनों चिन्हित ईलाके रोहतक के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में शामिल हैं। यहां कॉलेज, स्कूल, अस्पताल, बाजार और रिहायशी सेक्टर होने के कारण दिनभर भारी ट्रैफिक दबाव बना रहता है। खासतौर पर सुबह और शाम के समय यहां लंबा जाम लगना आम बात है। इसी समस्या को देखते हुए ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव पास किया गया था।

### अधिकारियों ने किया था दावा

नगर निगम अधिकारियों ने उस समय दावा किया था कि ओवरब्रिज बनने से न केवल जाम की समस्या कम होगी, बल्कि हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को समय की बचत के साथ सुरक्षित आवागमन का विकल्प मिलना था। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा तकनीकी सर्वे भी कराया गया और संभावित डिजाइन व लागत पर भी चर्चा हुई थी। हालांकि, प्रस्ताव पास होने और सर्वे पूरा होने के बावजूद यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। सूत्रों के अनुसार हर बार योजना को किसी न किसी कारण से टाल दिया गया, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



सेक्टर एक के पास यहां पर बनना था ओवर ब्रिज।

### आरडब्ल्यूए उठा रही है मांग

आरडब्ल्यूए का कहना है कि हर चुनाव और हर हाउस मीटिंग में ओवरब्रिज का मुद्दा उठता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता। सेक्टर-1 और सेक्टर-14 के निवासियों का कहना है कि रोड पार करना उनके लिए रोज का संघर्ष बन चुका है। आरडब्ल्यूए ने नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग की है कि पारित प्रस्तावों को जल्द अमल में लाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन ओवरब्रिजों का निर्माण हो जाता तो न केवल यातायात सुगम होता, बल्कि दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आती।

### ब्रिज इसलिए जरूरी

- आईसी कॉलेज में हजारों की संख्या में छात्राएं पढ़ाई करने आती हैं। यहां लघुसचिवालय और कोर्ट पास होने के चलते ट्रैफिक का भारी दबाव है। छात्राओं को सड़क पार करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। हादसे हो जाते थे।
- जॉट कॉलेज शहर के प्रमुख कॉलेज में से है। इसके सामने ही मैदान और अन्य संस्थाएं हैं। यहां ट्रैफिक तेज गति से निकलता है। कई प्वाइंट पर रोजाना हादसे होते रहते हैं। इस वजह से इस एरिया को चिन्हित
- सेक्टर 14 के लोगों को देवीलाल पार्क की तरफ आने जाने के लिए आधा किलोमीटर से ज्यादा घूम कर आना पड़ता है। स्कूली छात्र छात्राओं, बुजुर्ग, बीमार और महिलाओं को आने जाने में काफी परेशानी आती है। इसके अलावा सेक्टर निवासियों को सेक्टर 14 में आने के लिए लम्बा चक्कर लगाना पड़ता है। इस वजह से यहां ओवर ब्रिज की जरूरत महसूस हुई थी।

### जर्जर होने पर तोड़ा गया था बाबा मस्तनाथ विवि के बाहर बना ब्रिज

इससे पहले दिल्ली रोड पर स्थित बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के पास बनाए गए ओवरब्रिज को जर्जर होने के चलते तोड़ना पड़ा था। उस ओवरब्रिज पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन डिजाइन और निर्माण से जुड़ी समस्याओं के कारण उसे उपयोग में नहीं लाया जा सका। बाद में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए प्रशासन को उसे गिराने का फैसला लेना पड़ा। इस घटना के बाद शहर में बनने वाले नए ओवरब्रिजों को लेकर प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरतने की बात तो करता रहा, लेकिन इसका असर यह हुआ कि नई परियोजनाएं ही ठंडे बस्ते में चली गईं।

### यहां तक पहुंची थी कार्रवाई

वर्ष 2023 में नगर निगम हाउस की मीटिंग में ओवर ब्रिज बनाने के प्रस्ताव पास किए गए थे। निर्माण-परिचालक-हस्तांतरण योजना (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर यानि बीओटी) के तहत यह कार्य किए जाने थे। नगर निगम की वित्त व प्रबंधन कमेटी में यह योजनाएं पास हो चुकी थी। निगम के मुताबिक तीनों फुट ओवरब्रिज का टेंडर जारी कर दिया था, जिसकी मुख्यालय से भी अनुमति मिली थी। टेंडर के तहत ठेकेदार एक करोड़ की राशि जमा करवाकर 20 साल तक तीनों फुटओवरब्रिज पर विज्ञापन प्रकाशित करके कमाई करेगा। इसके बाद फुट ओवरब्रिज निगम के हवाले किए जाएंगे।

### तत्कालीन मेयर गोयल ने किया था प्रेसवार्ता में खुलासा

इसके अलावा तत्कालीन मेयर मेयर मनमोहन गोयल ने प्रेसवार्ता में खुलासा किया था कि शहर में जल्द ही 3 फुट ओवरब्रिज बनेंगे। तीनों का टेंडर हो चुका है। जिनका जल्द ही काम शुरू होगा। जिनमें से एक फुट ओवरब्रिज आईसी कॉलेज के सामने, दूसरा जाट कॉलेज के सामने और तीसरा सेक्टर 1 से सेक्टर 14 की तरफ खुलेगा। इसके लिए एस्टीमेट दिया हुआ है। इनके बनने से लोगों को सड़क पार करने में आसानी होगी।

### नगर निगम हाउस से बड़ा सदन नहीं होता

जिले में नगर निगम हाउस से बड़ा कोई सदन नहीं होता। तत्कालीन आयुक्त, मेयर सहित शहर के सभी विभागों के अधिकारी मीटिंग में मौजूद थे। इसके अलावा सभी वार्डों के पार्षदों की सहमति से हाउस में



प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें तीन ओवरब्रिज बनने थे। निगम अधिकारियों ने बजट कमेटी में यह योजनाए पास कर टेंडर जारी कर दिया था। इसके बाद किसी वजह से आज तक कार्य शुरू नहीं हो पाया। जबकि फुट ओवर ब्रिज के बनने से बहुत बड़ी आबादी को फायदा होना था। सेक्टर 14 में आने जाने के लिए सेक्टर एक दो तीन चार निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सेक्टर 14 के निवासियों को भी लम्बा चक्कर लगाकर देवीलाल पार्क की तरफ आना पड़ता है।

*-कदम सिंह अहलावत, पूर्व पार्षद*

### अफसरों ने दोबारा जानकारी नहीं दी

*नगर निगम हाउस की मीटिंग में सर्वसम्मति से फुट ओवर ब्रिज पास किए गए थे। इन*



*पर जल्द ही कार्य शुरू होने वाला था। टेंडर जारी कर दिए गए थे, लेकिन बीच में ही काम बंद हो गया। अभी यह भी नहीं पता कि काम होगा कि नहीं। अधिकारियों ने दोबारा जानकारी नहीं दी। इस प्रोजेक्ट से हजारों लोगों को फायदा होना था।*

*-अशोक खुराना, पार्षद प्रतिनिधि*

#### रिटौली गोलीबारी कांड

## दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने रिटौली में दो गुटों में हुई गोलीबारी की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया। प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि 19 दिसम्बर 2025 को सांय करीब 5:15 बजे सूचना मिली कि रिटोली में फ्रोंक्स कार सवार 5 युवकों ने फॉर्च्यूनर पर फायरिंग की है। वारदात में गोली लगने से घायल युवक दीपक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। दीपक की सन्नी निवासी रिटौली के साथ शराब के ठेके में साझेदारी है। सन्नी का गांव रिटौली में शराब का ठेका है। सांय दीपक, सन्नी व उसके साथी शराब के ठेके के बाहर गाड़ी से सामान को अनलोड कर रहे थे। तभी फ्रोंक्स कार में सवार 5 युवक हथियारों सहित आए और ठेके के पास खड़ी फॉर्च्यूनर पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। **40 राउंड फायरिंग की:** हिमांशु भाऊ व सन्नी रिटौली में लम्बे समय से रंजिश चल रही है। हिमांशु फरार है। रिटोली स्थित शराब ठेका सन्नी रिटोली ने ले रखा है। शुक्रवार शाम सन्नी ठेके पर था। वारदात में 40 राउड फायरिंग हुई। आरोपी मोहित उर्फ जादू निवासी जिला झज्जर व यश उर्फ अतुल निवासी गांव कासनी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है।

■ एक युवक की हुई थी मौत, कई हुए थे घायल

### दीपक के पेट व कंधे पर लगी थी गोली

गोली दीपक के पेट व कंधे पर लगी। सन्नी, दीपक व अन्य ने भागकर जान बचाई। वारदात के दौरान फ्रोंक्स कार सवार दो युवकों को भी गोली लगी। वारदात के बाद पांचों युवक गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरे युवक का झज्जर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान दीपांशु निवासी गांव महराणा, झज्जर के रूप में हुई है।

#### होटल संचालक सुमित हत्याकांड

## फरार दो आरोपी दबोचे

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने सिंहपुरा खुर्द निवासी युवक की हत्या की वारदात को हल करते हुए वारदात में शामिल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने बताया कि 27 जुलाई 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि थार सवार युवक मृत हालात में एक युवक को मान अस्पताल मे छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच पड़ताल में खुलासा हुआ है कि एक महिला से संपर्क होने के चलते सुमित हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

### अचानक गायब हुआ था सुमित

युवक की पहचान सुमित उर्फ गोलू पुत्र कृष्ण निवासी सिंहपुरा खुर्द के रुप मे हुई। मृतक के परिवार के अजमेर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। सुमित ने पुरानी आईटीआई रोहतक मे होटल कर रखा है। सुमित घर से बिना बताए कही बाहर चला गया। सुमित का फोन भी स्वीच ऑफ आने लगा। सुमित के परिवार को पता चला कि 27 जुलाई को रौनक व विशाल टैम्परेरी नम्बर गाड़ी थार में सुमित को मृत हालत में मान अस्पताल मे स्टरेचर पर छोड कर फरार हो गए। थाना आर्य नगर पीएसआई बिजेन्द्र व मुख्य सिपाही कर्मबीर द्वारा आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी दीपांशु निवासी आजाद नगर व संगम निवासी शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। हत्या का प्रयास आदि धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। वारदात मे शामिल रहे मुख्य आरोपी साहिल, रौनक व विशाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तीनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### कलानौर खुर्द व खेरड़ी में अवैध पक्के निर्माण गिराए

**रोहतक।** वीरवार को गांव कलानौर खुर्द व खेरड़ी में एक डीपीसी व एक अवैध निर्माण को गिराया गया। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।



### सांपला : कॉलेज के पहलवानों ने विवि कुश्ती में 2 पदक जीते

**रोहतक।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सांपला के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। महाविद्यालय के बीए अंतिम वर्ष के छात्र रोहित और बीकॉम द्वितीय वर्ष के कार्तिक ने कांस्य पदक जीता। दोनों खिलाड़ी राजकीय महाविद्यालय सांपला के खेल प्रभारी और सहायक प्रोफेसर डॉ. जयपाल के मार्गदर्शन में तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि रोहित और कार्तिक, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त कुश्ती अकादमी के प्रशिक्षु हैं, जहां वे द्रोणाचार्य अवार्डी रामफल मान, कुश्ती कोच डॉ. संजीत मलिक और कोच मनोज की देखरेख में कुश्ती की बारीकियां सीख रहे हैं।

## पीजीआई के अनुबंधित कर्मियों के लिए खुला एचकेआरएन पोर्टल

# 1200 कर्मियों की जॉब पक्की, मिलेंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अनुबंधित कर्मचारियों के लिए हरियाणा सरकार ने एचकेआरएन पोर्टल ओपन कर दिया है। शुक्रवार सुबह से ही कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड होना शुरू हो जाएगा। पोर्टल खुलने से अब करीब 1200 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने बताया कि पिछले काफी समय से एचकेआरएन पोर्टल पर दर्ज होने का इंतजार कर रहे सैकड़ो कर्मचारियों को हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नव वर्ष का तोहफा दिया है।

### पांच सदस्यीय कमेटी का गठन

डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही इन कर्मचारियों का डाटा एचकेआरएन पोर्टल पर दर्ज करना शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है जो आज सुबह से ही अपना कार्य शुरू कर देगी। इस पोर्टल को शुरू करने में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने भी बहुत अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने अपनी तरफ से अनुबंधित कर्मचारियों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ सहयोग प्रदान करते हुए यह पोर्टल शुरू करवाने में अहम योगदान दिया। डॉ अग्रवाल ने बताया कि मनीष कुमार ग्रोवर ने इस पोर्टल को शुरू करवाने के लिए कर्मचारियों को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए पोर्टल पर अपलोड करने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए स्वयं चंडीगढ़ जाकर उसे दूर करवाया।



हेल्थ विवि के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल।

### पहले भी हो चुके शामिल

डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि बताया कि सरकार का यह कदम अनुबंधित कर्मचारियों के लिए नौकरी की सुरक्षा और लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करेगा। डॉ एचके अग्रवाल ने बताया कि कर्मचारियों डाटा अपलोड करने के लिए बनाई गई कमेटी का अध्यक्ष चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल को बनाया गया है और कमेटी में डॉ सुखबीर, डॉक्टर रोहित, पीजीआई के फाइनेंशियल एडवाइजर एवं लीगल शाखा के एडीए को शामिल किया गया है। पोर्टल खुलने से अब करीब 1200 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इससे पहले भी सैकड़ों सिक्योरिटी गार्ड और स्वीपर कर्मचारियों को एचकेआरएन में शामिल किया जा चुके हैं। जो पीजीआई में लम्बे समय से कार्यरत थे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में 70 के चालान, 38,300 रुपये जुर्माना

**रोहतक।** नगर निगम यातायात सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने भू-अधिकारी संदीप बतरा की निगरानी में तथा अतिक्रमण निरीक्षक गुरदेव सिंह की देखरेख में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया।

अभियान के दौरान मालगोदाम रोड, पुराना बस स्टैंड, कच्चा बेरी रोड, भिवानी स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान कुल 70 व्यक्तियों को अतिक्रमण करते हुए चिन्हित किया गया, जिनके खिलाफ 38,300 रुपये के चालान काटे गए। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण के कारण शहर में यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फुटपाथों और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जे न केवल ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं।



**रोहतक।** दुकानदारों को चालान काटते नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम।

■ मालगोदाम रोड, पुराना बस स्टैंड व भिवानी स्टैंड सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई

### निगम ने की लोगों से सहयोग की अपील

अभियान के दौरान निगम की टीम ने दुकानदारों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा नगर निगम द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंत में आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में प्रशासन का साथ दें, ताकि रोहतक एक बेहतर और सुरक्षित शहर बन सके।